# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
## सत्र (2019–20)
## पुनरावृत्ति पत्रिका
## (साप्ताहिक परीक्षा – 2)

**कक्षाः पाँचवीं** **विषयः हिंदी**

**उपविषय–** पाठ – 8 प्रतीक का दोस्त तरुवर, पाठ–9 अहंकार का हाथी, पाठ–10 हमने डरना कभी न जाना (कविता), पाठ–11 हाज़िर जवाब शेखजी

व्याकरण– क्रिया भेदों सहित, काल भेदों सहित, विराम चिह्न, पर्यायवाची, अनुच्छेद लेखन, अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश

**प्र01 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

बच्चों, जानते हो कि पुर्तगाल में एक ऐसा अनूठा 'फूलों का त्योहार' मनाया जाताहै, जिसमें फूलों की रंगोली बनाकर और एक–दूसरे पर फूल फेंककर शांति का संदेश दिया जाता है। यह 'फ़्लार फ़ेस्टिवल' बड़े कलात्मक ढंग से मनाया जाता है। प्रतिवर्ष जून के महीने में पुर्तगाल के सारे बाग–बगीचे रंग–बिरंगे फूलों से सज जाते हैं। इस त्योहार से दो–तीन दिन पूर्व ट्रकों में भर–भरकर फूल–पत्तियाँ लाई जाती हैं और एक स्थान पर एकत्र की जाती हैं। फिर वहाँ के बच्चे, बूढ़े और जवान सभी फूलों की पंखुड़ियों को तोड़–तोड़कर अलग–अलग रंगों के फूलों के ढेर बनाने लगते हैं। पूरी रात सब मिल–जुलकर फूलों की रंगोली से सड़कों को सजाते हैं। इसमें बच्चों का उत्साह तो देखते ही बनता है। शाम को जुलूस निकाला जाता है, जिसमें घोड़ों पर बैठकर चर्च के पादरी, बच्चे और जवान भाग लेते हैं। वे उन फूलों को एक–दूसरे पर उछालकर हर्ष और उल्लास के साथ इस 'फ़्लार फ़ेस्टिवल' को मनाते हैं। वे फूल उछालते हुए 'समस्त विश्व में शांति बनी रहे' ऐसी प्रार्थना करते हैं।

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. 'फूलों का त्योहार' कैसे मनाया जाता है और इससे क्या संदेश दिया जाता है?
2. शाम को जुलूस में कौन–कौन भाग लेते हैं?

**ख) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए–**

1. प्रतिवर्ष – हर साल, हर महीने
2. विश्व – संसार, पृथ्वी

**ग) सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए–**

1. प्रतिवर्ष मार्च के महीने में पुर्तगाल के सारे बाग–बगीचे रंग–बिरंगे फूलों से सज जाते हैं। ( )
2. इस त्योहार में बच्चों का उत्साह देखने योग्य होता है। ( )

**घ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

1) 'फूलों का त्योहर' कहाँ मनाया जाता है?

अ) भारत ब) पुर्तगाल

2) वे उन फूलों को एक–दूसरे पर उछालकर हर्ष और उल्लास के साथ क्या मनाते हैं?

अ) फ़्लार फ़ेस्टिवल    ब) होली

**प्र02 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

इन भाइयों के अलावा बाहुबली की दो बहनें भी थीं। उनके नाम थे– ब्राह्मी और सुंदरी। एक दिन दोनों बाहुबली से मिलने के लिए वन गईं। भाई से बातचीत करते हुए वे समझ गईं कि उनके मन में अभी भी अहंकार घुसा हुआ है। उन्होंने बाहुबली से कहा– "भैया! तुम तप कर रहे हो, पर इसमें सफलता तभी मिलेगी जब तुम हाथी पर सवार नहीं रहोगे।" उनकी बात सुनकर बाहुबली चौंक उठे। उन्होंने पूछा – "मैं कौन से हाथी पर सवार हूँ, भला बताओ तो सही?" बाहुबली की नासमझी पर दोनों बहने हँसने लगीं और बोलीं– "भैया! आज तक तुम अपने छोटे भाइयों से क्यों नहीं मिले? तुमने अपना स्नेहांचल उनकी ओर क्यों नहीं बढ़ाया?" अब बाहुबली ब्राह्मी और सुंदरी की बात का मर्म समझ गए।

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. बाहुबली की बहनें भाई से बातचीत करते हुए क्या समझ गईं?
2. बाहुबली की नासमझी पर दोनों बहनें हँसकर क्या बोली?

**ख) सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए–**

1) बाहुबली ब्राह्मी और सुंदरी की बात का मर्म समझ गया। (    )

**प्र03 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

क) पेड़ ने किसे निर्दय कहा और क्यों?

ख) बाहुबली ने किस गुरु से दीक्षा नहीं लेने का निश्चय किया और क्यों?

ग) अपना माथा पीटकर सुलतान शेखजी से क्या बोले?

**प्र04 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

क) मैं तुम्हारे दोस्त ............................ से अवश्य मिलना चाहूँगा।

ख) बाहुबली की ............................ भरत से सहन न हुई।

ग) सेनापति शेखजी बड़े ही ............................ व्यक्ति थे।

**प्र05 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए–**

क) निपुण    घ) जन्नत

ख) दीक्षा    ङ) प्राचीन

ग) आश्रय    च) स्वर्ग

**प्र06 सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

क) प्रतीक का मित्र–

अ) एक बालक था ( ) ब) एक पेड़ था ( )

ख) बाहुबली किस तरह के हाथी पर सवार थे?

अ) अहंकार ( ) ब) लालच ( )

**प्र07 सही / गलत बताओ–**

क) शेखजी सुलतान के वजीर थे। ( )

ख) सुलतान के बेटे बीमार थे। ( )

**प्र08 निम्नलिखित वाक्याशों के लिए एक शब्द लिखिए–**

क) उपनयन संस्कार –

ख) सत्ता पर आसीन –

**प्र09 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

क) दिन में राह बताता सूरज, ................................................,

................................................, करता हमसे बात।

हम ऐसे हरदम चलते हैं, ................................................,

..........................................., आँधी से, तूफ़ान से।

ख) पैरों में छाले पड़ते हैं, ................................................,

................................................, मंज़िल का ज्ञान।

जहाँ पहुँच जाएँगे हम यों, ................................................,

..............................................., आँधी से, तूफ़ान से।

**प्र010 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रिया शब्दों के भेद लिखिए–**

क) मोहन तबला <u>बजा रहा है।</u>

ख) बालक सड़क पर <u>दौड़ रहा है।</u>

ग) मीरा भजन <u>गा रही है।</u>

घ) विक्रम कल दिल्ली <u>जा रहा है।</u>

**प्र011 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रिया शब्दों के सही भेद चुनकर लिखिए–**

क) राधा ने फूलदान <u>तोड़ दिया।</u>

अ) सकर्मक ब) अकर्मक

ख) महेश दिन-रात <u>पढ़ता है।</u>

अ) सकर्मक ब) अकर्मक

प्र012 **निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के भेद लिखिए–**

क) हम सोमवार को मंदिर जाएँगे।

ख) कल नितिन को बुखार था।

ग) मैं पिताजी के साथ घूमने जा रहा हूँ।

घ) अक्षर परीक्षा दे रहा है।

प्र013 **निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के सही भेद चुनकर लिखिए–**

क) मैं अपने दोस्त के घर गया था।

अ) भूतकाल ब) वर्तमान काल

ख) माँ मेरे जन्मदिन पर केक बनाएँगी।

अ) भूतकाल ब) भविष्यत काल

प्र014 **निम्नलिखित वाक्यों में सही विराम चिह्न लगाकर उसका नाम लिखिए–**

क) वाह कितनी स्वादिष्ट मिठाई है

ख) मोहन सुबह शाम टी वी देखता है

ग) देव ने कहा मैं कक्षा में प्रथम आऊँगा

घ) मित्र मैं तुम्हारे घर गया था

प्र015 **निम्नलिखित विराम चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए–**

क) कोष्ठक ( ( ) )

ख) प्रश्न वाचक ( ? )

प्र016 **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए–**

क) महक ने <u>गज</u> की सवारी की।

ख) हमारी <u>पृथ्वी</u> गोल है।

ग) राम जी ने गरीबों को <u>वस्त्र</u> दान दिए।

घ) शेर नदी के <u>कूल</u> पर खड़ा है।

प्र017 **कोष्ठक में दिए गए शब्दों के उचित पर्यायवाची रिक्त स्थानों में भरिए–**

क) राजा ने गायक को .......................... का हार दिया। (स्वर्ण)

ख) मैं रोज़ सुबह .......................... को जल चढ़ाता हूँ। (भानु)

प्र018 **"दुनिया में सुंदर रिश्ता – सच्ची मित्रता" विषय पर सहायक सूची की सहायता से एक अनुच्छेद लिखिए। (शब्द सीमा 80–90)**

सहायक सूचीः– दोस्ती, रिश्ता, बहुमूल्य उपहार, मुसीबत में साथ, दुख–सुख का साथी, सही मार्ग दर्शन, छल–कपट से दूर, भरोसेमंद, एक–दूसरे से प्रेरित, मदद, भाग्यशाली।